प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान

इंदिरा पुल के निकट , भाट गाँव, जिला- गांधीनगर- 382 428

<u>विज्ञापन सं- 06/2019</u>

<u>परियोजना वैज्ञानिक अधिकारी के पद हेतु प्रत्यक्ष साक्षात्कार</u>

एक बाह्य वित्त पोषित परियोजना के तहत परियोजना वैज्ञानिक अधिकारी के पद हेतु दिनांक 09/07/2019 को प्रत्यक्ष साक्षात्कार/ लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस बाहरी फंडिंग एजेंसी/संगठन द्वारा पोषित इस परियोजना में भौतिकी और विद्युत चुम्बकीय अनुप्रयोगों के लिए व्यापक कोड विकास और सिमुलेशन गतिविधियाँ शामिल हैं। इस परियोजना के तहत प्रायोगिक सुविधा को स्थापित करने में मदद करने के लिए उपयोगकर्ता संगठन के साथ गहन बातचीत भी शामिल है। उपरोक्त पद तीन साल की अवधि के लिए या परियोजना के पूरा होने के साथ सह-टर्मिनस, जो भी पहले हो तब तक के लिये है।

परियोजना वैज्ञानिक अधिकारी को ₹71,000 /- प्रति माह का समेकित वेतन दिया जाएगा। कोई अन्य भत्ता देय नहीं होगा।

पद	पद की संख्या	अनिवार्य योग्यता	आयु सीमा
परियोजना वैज्ञानिक अधिकारी	01	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भौतिकी में एमएससी या उससे उच्च। समयबद्ध परियोजना में सम्मिलित कार्य की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए कोड विकास और सिमुलेशन में ज्ञान अनिवार्य है और इससे संबंधित अनुभव एक अतिरिक्त लाभ होगा।	दिनांक 09/07/2019 को 40 वर्ष से अधिक नहीं

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे विस्तृत बायोडेटा (फोटोग्राफ के साथ चिपका हुआ) और सहायक दस्तावेजों (मार्क शीट / डिग्री / प्रमाण पत्र / प्रशंसापत्र की सत्यापित प्रतिलिपियाँ) के साथ प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान भाट, इंदिरा ब्रीज के निकट, गांधीनगर में दिंनाक **09/07/2019** को सुबह **8:30 बजे** साक्षात्कार के लिए उपस्थित हों। इसके लिये कोई टी.ए / डी.ए नहीं दिया जायेगा।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी